हारे हम तो हारे,
तुम बनो ना सहारे,
हम पे दया करो,
श्याम अब दया करो,
श्याम जिसने भी,
तेरा नाम लिया है,
गिरता ना कभी वो,
तूने थाम लिया है,
हारें हम तो हारें,
तुम बनो ना सहारे,
हम पे दया करो,
श्याम अब दया करो।।

तर्ज हम प्यार है तुम्हारे।

है तेरे सामने,
आए हम मांगने,
अर्जी पे गौर दो,
आओ ना थामने,
गिरते को उठाओ,
रोते को हँसाओ,
हम पे दया करो,
श्याम अब दया करो।।

हम जग के सताए,

तेरे दर पे है आए,
जो तू ना अपनाए,
बोलो कहाँ पे जाए,
झूठी दुनिया सारी,
एक आस है तुम्हारी,
हम पे दया करो,
श्याम अब दया करो।।

हर लेखा जगत का,
किस्मत के हाथ में,
किस्मत को बनाना,
है तेरे हाथ में,
लाज गोलू की सारी,
तेरे हाथों मुरारी,
Bhajan Diary,
हम पे दया करो,
श्याम अब दया करो।।

हारे हम तो हारे,
तुम बनो ना सहारे,
हम पे दया करो,
श्याम अब दया करो,
श्याम जिसने भी,
तेरा नाम लिया है,
गिरता ना कभी वो,
तूने थाम लिया है,
हारें हम तो हारें,
तुम बनो ना सहारे,

हम पे दया करो,
श्याम अब दया करो।।

Singer Ayush Somani

Source: https://www.bharattemples.com/haare-hum-to-haare-tum-bano-na-sahare/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw